**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2216**

**Series : SS/Annual Exam.-2025**

***SET : B***

*Roll No.* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

# राजनीतिशास्त्र

# POLITICAL SCIENCE

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **40** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **40** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।*

*(iii) प्रश्नपत्र को* **चार** *खण्डों :* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *में विभाजित किया गया है। जिनमें कुल* **40** *प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***खण्ड – क*** *में प्रश्न संख्या* **1** *से* **20** *तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(v)* ***खण्ड – ख*** *में प्रश्न संख्या* **21** *से* **28** *तक आंतरिक विकल्प के साथ अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***एक*** *या* ***दो*** *वाक्यों में अथवा* ***कुछ*** *शब्दों में होना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड – ग*** *में प्रश्न संख्या* **29** *से* **36** *तक आंतरिक विकल्प के साथ लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* ***80*** *से* ***100*** *शब्दों में होना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड – घ*** *में प्रश्न संख्या* **37** *से* **40** *तक निबन्धात्मक प्रश्न हैं। सभी प्रश्न आंतरिक विकल्प के साथ दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* ***150*** *से* ***180*** *शब्दों में होना चाहिए।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All questions are compulsory.***

*(ii)* *Marks of all questions are shown against them.*

*(iii)* *Question paper comprises* ***four*** *sections* ***A, B, C*** *&* ***D****. There are* **40** *questions in the question paper.*

*(iv)* ***Section – A*** *consists of Question Nos.* **1** *to* **20** *are objective type questions. Each question is of* 1 *mark.*

*(v)* ***Section – B*** *consists of Question Nos.* **21** *to* **28** *are very short answer type questions with internal choice. Each question is of 2 marks. The answer of these questions should be in* ***one*** *or* ***two*** *sentences or in* ***few*** *words.*

*(vi)* ***Section – C*** *consists of Question Nos.* **29** *to* **36** *are short answer type questions with internal choice. Each question is of* 3 *marks. The answer to each question should be in about* **80** *to* **100** *words.*

*(vii)* ***Section – D*** *consists of Question Nos.* **37** *to* **40** *are essay type questions. All questions are given with internal choice. Each question is of* 5 *marks. The answer to each question should be in about* **150** *to* **180** *words.*

## खण्ड – क

## SECTION – A

## [ वस्तुनिष्ठ प्रश्न ]

## [ Objective Type Questions ]

**1.** संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना किसके उत्तराधिकारी के रूप में हुई ? 1

(A) लीग ऑफ नेशंस (B) यूरोपीय संघ

(C) सोवियत संघ (D) इनमें से कोई नहीं

The United Nations was established as the successer of :

(A) League of Nations (B) European Union

(C) Soviet Union (D) None of these

**2.** संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव का नाम लिखिए। 1

Write the name of current Secretary General of the United Nations.

**3.** निम्न में से कौन-सा/से सुरक्षा की पारंपरिक धारणा के तत्त्व है/हैं ? 1

(A) अपरोध (B) शक्ति संतुलन

(C) गठबंधन बनाना (D) उपरोक्त सभी

Which of the following is/are the elements of the traditional concept of security ?

(A) Opposition (B) Balance of power

(C) Forming alliance (D) All of the above

**4.** शॉक थेरेपी मॉडल ............. द्वारा निर्देशित था। 1

The Shock Therapy model was guided by ............... .

**5.** 'भाग्यवधू से चिर-प्रतीक्षित भेंट' नाम से जाना जाने वाला भाषण किसने दिया ? 1

(A) जवाहर लाल नेहरू (B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(C) महात्मा गांधी (D) सुभाष चन्द्र बोस

Who gave the speech known as 'Tryst With Destiny' ?

(A) Jawaharlal Nehru (B) Sardar Vallabh Bhai Patel

(C) Mahatma Gandhi (D) Subhash Chandra Bose

**6.** लोकसभा के पहले आम चुनाव में 16 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर कौन-सी पार्टी रही ? 1

Which party stood second by winning 16 seats in the first general election of Lok Sabha ?

**7.** 'बाम्बे प्लान' के बारे में निम्न में से कौन-सा बयान सही ***नहीं*** है ? 1

(A) यह भारत के आर्थिक भविष्य का एक ब्लू-प्रिंट था।

(B) इसमें उद्योगों पर राज्य के स्वामित्व का समर्थन किया गया था।

(C) इसकी रचना कुछ अग्रणी उद्योगपतियों ने की थी।

(D) इसमें नियोजन के विचार का पुरजोर समर्थन किया गया था।

Which one of the following statements about the 'Bombay Plan' is ***not*** correct ?

(A) It was a blue-print for India's economic future.

(B) It supported state ownership of industries.

(C) It was created by some leading industrialists.

(D) The idea of planning was strongly supported in it.

**8.** निम्नलिखित कथनों में से ***सही*** कथन/कथनों का विकल्प चुनिए : 1

1. 1974 में गुजरात और बिहार आंदोलन हुआ।
2. संपूर्ण क्रांति का आह्वान जयप्रकाश नारायण ने किया।
3. आपातकाल की घोषणा 1972 में की गई।
4. गरीबी हटाओ का नारा 1971 में इंदिरा गांधी ने दिया।

***विकल्प :***

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 4

(C) केवल 1, 3 और 4 (D) केवल 1, 2 और 4

Choose the ***correct*** statement(s) from the following statements :

1. Gujarat and Bihar Movement took place in 1974.
2. Jayaprakash Narayan called for a total revolution.
3. Emergency was declared in 1972.
4. The slogan of Garibi Hatao was given by Indira Gandhi in 1971.

***Options :***

(A) 1 and 2 only (B) 2 and 4 only

(C) 1, 3 and 4 only (D) 1, 2 and 4 only

**9.** 1956 में दूसरी पंचवर्षीय योजना किसके नेतृत्व में अर्थशास्त्रियों और योजनाकारों की टोली द्वारा तैयार की गई ? 1

(A) एम० एस० स्वामीनाथन (B) पी० सी० महालनोबिस

(C) जे० सी० कुमारप्पा (D) जवाहर लाल नेहरू

In 1956 the Second Five Year Plan was prepared by a team of economist and planners under whose leadership ?

(A) M. S. Swaminathan (B) P. C. Mahalanobis

(C) J. C. Kumarappa (D) Jawaharlal Nehru

**10.** 1971 में हुए लोकसभा चुनावों के बाद भारत के प्रधानमंत्री कौन बने ? 1

(A) मोरारजी देसाई (B) चन्द्रशेखर

(C) इंदिरा गांधी (D) चरण सिंह

Who became the Prime Minister of India after the Lok Sabha election held in 1971 ?

(A) Morar Ji Desai (B) Chandrashekhar

(C) Indira Gandhi (D) Charan Singh

**11.** किस संवैधानिक संशोधन को 'लघु संविधान' कहा गया है ? 1

(A) 38वाँ संशोधन (B) 40वाँ संशोधन

(C) 42वाँ संशोधन (D) 44वाँ संशोधन

Which Constitutional Amendment has been called the 'Mini Constitution' ?

(A) 38th Amendment (B) 40th Amendment

(C) 42nd Amendment (D) 44th Amendment

**12.** जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 द्वारा अनुच्छेद 370 कब समाप्त किया गया ? 1

(A) 5 अगस्त, 2019 (B) 15 अगस्त, 2019

(C) 18 अगस्त, 2019 (D) 25 अगस्त, 2019

When was Article 370 abolished by the Jammu and Kashmir Reorganization Act, 2019 ?

(A) 5 August, 2019 (B) 15 August, 2019

(C) 18 August, 2019 (D) 25 August, 2019

**13.** राजीव गांधी के नेतृत्व में लड़े 1984 के लोकसभा आमचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कितनी लोकसभा सीटें जीती ? 1

(A) 409 (B) 411

(C) 415 (D) 418

How many Lok Sabha seats did the Congress Party win in the 1984 General Lok Sabha election fought under the leadership of Rajiv Gandhi ?

(A) 409 (B) 411

(C) 415 (D) 418

**14.** लिट्टे संगठन से जुड़े श्रीलंकाई तमिलों द्वारा मई, 1991 में .............. की हत्या की गई। 1

Srilankan Tamils belonging to the LTTE Organization killed ............ in May 1991.

**15.** 1991 में लुक ईस्ट की नीति किस देश द्वारा अपनाई गई ? 1

(A) चीन (B) जापान

(C) दक्षिण कोरिया (D) भारत

Which country adopted the Look East Policy in 1991 ?

(A) China (B) Japan

(C) South Korea (D) India

**16.** राजा की सेना, लोकतंत्र समर्थकों और माओवादियों के बीच त्रिकोणीय संघर्ष किस देश में हुआ ? 1

(A) श्रीलंका (B) नेपाल

(C) भूटान (D) बांग्लादेश

In which country did the triangular conflict take place between the king's army, democracy supporters and Maoists ?

(A) Sri Lanka (B) Nepal

(C) Bhutan (D) Bangladesh

**17.** सार्क का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ? 1

(A) नई दिल्ली (B) काठमांडू

(C) कराची (D) कोलम्बो

Where is the headquarters of SAARC located ?

(A) New Delhi (B) Kathmandu

(C) Karachi (D) Colombo

**18.** कोष्टक में दिये गए ***सही*** विकल्प के साथ खाली स्थान भरें : 1

सोवियत राजनीतिक व्यवस्था ............ विचारधारा पर आधारित थी। (समाजवाद/पूँजीवाद)

Fill in the blanks using the ***correct*** option given in the bracket :

Soviet political system was based on .............. ideology. (Socialism/Capitalism)

**19.** भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला कब किया गया ? 1

When was the terrorist attack carried out on the Indian Parliament ?

**20.** क्लब ऑफ रोम ने 'लिमिट्स टू ग्रोथ' शीर्षक से पुस्तक कब प्रकाशित की ? 1

(A) 1962 में (B) 1971 में

(C) 1972 में (D) 1982 में

When did the Club of Rome publish a book titled 'Limits to Growth' ?

(A) In 1962 (B) In 1971

(C) In 1972 (D) In 1982

**खण्ड – ख**

**SECTION – B**

**[ अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न ]**

**[ Very Short Answer Type Questions ]**

**21.** पृथ्वी सम्मेलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2

Write a short note on Earth Summit.

**22.** मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by mixed economy ?

**अथवा**

**OR**

प्रथम पंचवर्षीय योजना कब शुरू की गई, इसमें किस चीज पर सबसे ज्यादा जोर था ?

When was the first Five Year Plan started and what was given the most emphasis in it ?

**अथवा**

**OR**

***योग्यता आधारित प्रश्न :***

***Competency Based Question :***

दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान औद्योगिक विकास बनाम कृषि विकास का विवाद चला था। इस विवाद में क्या-क्या तर्क दिए गए थे ? कोई ***दो*** तर्क लिखिए।

During the second Five Year Plan there was a controversy between Industrial development and Agricultural development. What arguments were given in this controversy ? Write any ***two*** arguments.

**23.** चुनाव आयोग का गठन कब हुआ ? प्रथम चुनाव आयुक्त कौन बने ? 2

When was the Election Commission formed ? Who became the first Election Commissioner ?

**24.** भारत और चीन के मध्य किन्हीं ***दो*** विवादों को स्पष्ट कीजिए। 2

Explain any ***two*** disputes between India and China.

**25.** पंजाब समझौते के कोई ***दो*** बिन्दु बताइए। 2

Mention any ***two*** points of the Punjab Agreement.

**26.** चीन की 'खुले द्वार की नीति' को स्पष्ट कीजिए। 2

Explain China's 'Open Door Policy'.

**अथवा**

**OR**

यूरोपीय संघ की स्थापना कब और किस सन्धि द्वारा हुई ?

When and by which treaty was the European Union Established ?

**27.** दक्षेस (सार्क) से आपका क्या अभिप्राय है ? 2

What do you mean by SAARC ?

**अथवा**

**OR**

भारत और बांग्लादेश के मध्य मतभेद के कोई ***दो*** मुद्दे लिखिए।

Write any ***two*** issues of differences between India and Bangladesh.

**28.** एशिया और अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के सामने सुरक्षा की ***दो*** मुख्य चुनौतियाँ क्या थीं ? 2

What were the ***two*** main security challenges facing the newly independent countries of Asia and Africa ?

**खण्ड – ग**

**SECTION – C**

**[ लघूत्तरात्मक प्रश्न ]**

**[ Short Answer Type Questions ]**

**29.** 'ग्रैंड अलांयस' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

Write a short note on 'Grand Alliance.

**30.** वैश्वीकरण के सांस्कृतिक पक्ष की व्याख्या कीजिए। 3

Explain the cultural aspect of globalization.

**31.** 1975 में आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे ? 3

What reasons did the government give while declaring Emergency in 1975 ?

**अथवा**

**OR**

1977 के चुनावों के बाद पहली बार केन्द्र में विपक्षी दल की सरकार बनने के कोई ***तीन*** कारण लिखिए।

Write any ***three*** reasons for the formation of the opposition party government at the Centre for the first time after the 1977 elections.

**32.** क्षेत्रवाद को समाप्त करने के किन्हीं ***तीन*** सुझावों का वर्णन कीजिए। 3

Describe any ***three*** suggestions to end Regionalism.

**अथवा**

**OR**

पूर्वोत्तर क्षेत्र की सीमित शब्दों में समीक्षा कीजिए।

Review the North-East region in limited words.

**33.** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में गठबंधन सरकार के उदय के किन्हीं ***तीन*** कारणों का वर्णन कीजिए। 3

Describe any ***three*** reasons for the emergence of coalition government in Indian political system.

**34.** द्वि-ध्रुवीय व्यवस्था की समाप्ति के लिए उत्तरदायी कारक लिखिए। 3

Write the factors responsible for the end of bipolar system.

**35.** आसियान शैली क्या है ? आसियान के ***दो*** उद्देश्य बताइए। 3

What is the ASEAN system ? State ***two*** objectives of ASEAN.

**36.** विश्व की साझी विरासत से आप क्या समझते हैं ? इसका दोहन कैसे होता है ? 3

What do you understand by the world's common heritage ? How is it exploited ?

**अथवा**

**OR**

पर्यावरण संरक्षण के किन्हीं ***तीन*** उपायों को स्पष्ट कीजिए।

Explain any ***three*** measures for environmental protection.

**खण्ड – घ**

**SECTION – D**

**[ निबन्धात्मक प्रश्न ]**

**[ Essay Type Questions ]**

**37.** वैश्वीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों का उल्लेख कीजिए। 5

Mention the positive and negative aspects of globalization.

**अथवा**

**OR**

वैश्वीकरण को परिभाषित करते हुए इसके उदय के मुख्य कारणों पर प्रकाश डालिए।

Define globalization and highlight the main reasons for its rise.

**38.** स्वतंत्र भारत के सामने आई मुख्य चुनौतियों का वर्णन कीजिए। 5

Describe the main challenges faced by Independent India.

**अथवा**

**OR**

कहा जाता है कि राष्ट्र एक व्यापक अर्थ में 'कल्पित समुदाय' होता है और सर्वमान्य विश्वास इतिहास, राजनीतिक आकांक्षा और कल्पनाओं से एक सूत्र में बंधा होता है। उन विशेषताओं की पहचान कीजिए जिनके आधार पर भारत एक राष्ट्र है।

It is said that a nation is a broadly conceived community bound together by a common belief, history, political aspirations and imagination. Identify the characteristics on the basis of which India is a nation.

**39.** गुट-निरपेक्ष का अर्थ बताते हुए इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

Explain the meaning of non-alignment and describe its characteristics.

**अथवा**

**OR**

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए :

(i) भारत की परमाणु नीति $2\frac{1}{2}$

(ii) पंचशील के सिद्धान्त $2\frac{1}{2}$

Write brief comment on the following :

(i) India's Nuclear Policy

(ii) Principles of Panchsheel

**40.** भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष का समर्थन आप कैसे करेंगे ? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध करें। 5

As a citizen of India, how would you support India's case for permanent membership in the Security Council ? Justify your proposal.

**अथवा**

**OR**

संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों एवं सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

Describe the objectives and principles of the United Nations.

अथवा

**OR**

*योग्यता आधारित प्रश्न :*

***Competency Based Question :***

निम्नलिखित चित्र को देखकर इससे संबंधित अपने विचारानुसार ***पाँच*** वाक्य लिखिए :

Look at the following picture and write ***five*** sentences related to it according to your thinking :

**स्थायी सदस्यों द्वारा 'वीटो-पावर' का इस्तेमाल (1 जून, 2018 तक)**

**Use of 'Veto-Power' by permanent members (Till 1 June, 2018)**

